# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५-२०२६**

| कक्षा:-8 | विषय: कहानी संचय | पाठ:1 |
|---|---|---|

**कक्षा 8**

**कहानी संचय**

**प्रश्न -1 विक्रम बेताल को लेने किस स्थान पर पहुँचा ?**

**उत्तर - विक्रम बेताल को लेने के लिए उसे स्थान पर पहुँचा जहाँ बेताल मुर्दा स्थिति में उल्टा लटका हुआ था।**

**प्रश्न - 2 स्वर्ण देश के राजा की कितनी कन्याएँ थीं?**

**उत्तर - स्वर्ण देश के राजा की चार कन्याएँ थीं जो बहुत ही सुंदर थी।**

**प्रश्न -3 चारों राजकुमारी की क्या विशेषताएँ थी?**

**उत्तर - राजा की चारों कन्याएँ बहुत ही नाजुक थी । पहली कन्या की यह विशेषता थी कि अगर वह चाँदनी रात में भी बाहर निकल जाए तो उसके शरीर पर फफोले पड़ जाया करते थे। दूसरी कन्या का यह हाल था कि गुलाब का फूल शरीर के जिस भाग को छू जाता वहीं से खून निकलने लगता था । तीसरी कन्या इतनी कोमल थी कि यदि कोई ज़रा- सा जोर से बोल देता तो वह बेहोश हो जाया करती थी। चौथी कन्या का यह हाल था कि उसे जहाँ भी छू लिया जाता वहीं निशान पड़ जाए करता था।**

**प्रश्न -4 सेविका ने आभूषण भिखारी को क्यों दे दिए?**

**उत्तर - भिखारी पर दया करने वाली सेविका ने भिखारी को उसकी कन्या के विवाह के लिए आभूषण दान कर दिए।**

**प्रश्न 5 विक्रम के अनुसार राजकुमारी में से सबसे अधिक कोमल कौन थी और क्यों?**

**उत्तर - विक्रम के अनुसार चारों राजकुमारी में से कोई भी कोमल नहीं थी। उनकी दृष्टि में वह सेविका अधिक कोमल थी जो कुछ- न - कुछ दान किया करती थी क्योंकि शारीरिक कोमलता की अपेक्षा मन की कोमलता अधिक महत्वपूर्ण होती है ।**